**Dainik Bhaskar, 16th November 2025, Page-04**

# IIT इंदौर : विंटर इंटर्नशिप के लिए बुलाए आवेदन, 1 से 31 दिसंबर तक कर सकते हैं इंटर्नशिप

## जनवरी से जून तक आईआईटी में रिसर्च करने के लिए भी बुलाए आवेदन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर ने इस साल पहली बार दूसरे कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों के लिए विंटर इंटर्नशिप करवाने की पहल शुरू की है। इसकी अवधि अधिकतम एक महीने की होगी और होस्टल सुविधा 5 से 25 दिसंबर तक उपलब्ध करवाई जा सकेगी। आईआईटी इंदौर के साथ ही आईआईटी भुवनेश्वर में भी इस साल विंटर इंटर्न लिए जा रहे हैं।

आवेदन करने वाले यूजी छात्र किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या कॉलेज में संबंधित यूजी प्रोग्राम के छात्र होना चाहिए और 12वीं में 60% से ज्यादा अंक प्राप्त होने चाहिए। पूर्व सेमेस्टर तक छात्र का सीजीपीए फर्स्ट डिवीजन में होना चाहिए। इंटर्नशिप की फीस 2500 रुपए है और अपनी इंटर्नशिप की अवधि पूरी होने पर छात्रों को एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। यही नियम और प्रक्रिया पीजी छात्रों के लिए भी है। दोनों ही कोर्स के छात्र किस प्रोफेसर के सान्निध्य में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, ये तय करके फॉर्म में भरना होगा। गूगल फॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### आईआईटी इंदौर में रहकर डिसर्टेशन और शोध पर काम कर सकते हैं छात्र

इसके अलावा आईआईटी इंदौर ने एक्सटर्नल छात्रों के लिए एक सेमेस्टर की पढ़ाई आईआईटी में रहकर करने के लिए भी डिसर्टेशन पॉलिसी बनाई है। इसमें जनवरी से जून 2026 तक छात्र आईआईटी इंदौर में रहकर डिसर्टेशन और शोध पर काम कर सकते हैं। इसके लिए यूजी छात्रों के लिए 20 हजार रुपए और पीजी छात्रों के लिए 25 हजार का शुल्क देय होगा। वहीं फॉर्म भरने का शुल्क 500 रुपए है। इसका फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 10 दिसंबर है। जिन छात्रों का सीपीआई 7 से अधिक है, वही आवेदन कर सकेंगे। सेमेस्टर 1 जनवरी 2026 से शुरू होगा। आवेदन करने वाले छात्रों को अपने वर्तमान कॉलेज या यूनिवर्सिटी से स्वीकृति पत्र भी पेश करना होगा।